# ग्लोबल समिट तक पर्याप्त भूमि बैंक तैयार करें: योगी

- सीएम ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के कामों की समीक्षा की
- औद्योगिक क्षेत्र के पास ही आवासीय टाउनशिप बनाने को कहा

लखनऊ,विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को अपने दैनिक कार्यव्यवहार में ईज आफ डूइंग बिजनेस के अनुसार काम करना होगा।

अगर किसी निवेशक को एमओयू से लेकर इकाई स्थापना तक हर प्रक्रिया सुगमता से पूरी हो, उसे इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज की अच्छी व्यवस्था मिले तो यह प्राधिकरण के प्रति निवेशक के मन मे अच्छी धारणा का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण इतना भूमि बैंक तैयार कर लें ताकि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने वाला कोई निवेशक जमीन की कमी की वजह से खाली न जाए। उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के पास ही आवासीय टाउनशिप होनी चाहिए। ताकि कार्मिकों को सुविधा रहे।

सीएम मंगलवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, यूपीसीडा, गीडा, बीडा, गीडा, सीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि प्राधिकरण ने जो औद्योगिक परियोजनाएं लगाई है, वहां मंत्रियों को ले जाएं। अच्छे काम को आगे बढ़ाएं।

सीएम ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने की हमारी नीतियों के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अकेले यूपीसीडा के माध्यम से बीते 02 वर्ष में सात देशों से 3200 करोड़ से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है।